# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–13.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **संसद ने नया आयकर विधेयक किया पारित, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक को भी मंजूरी।**
- **राज्य के वित्त मंत्री ने राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में ऋण जमा अनुपात में तेजी लाने का दिया निर्देश, कृषि मंत्री ने कहा– केसीसी के मामले में बैंकों का रवैया चिंताजनक।**
- **झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जेलों में रिक्त पदों पर 30 सितंबर तक नियुक्ति करने के दिये निर्देश, जेलों की स्थिति सुधारने पर जोर।**
- **बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब का क्षेत्र बनने के आसार, रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर बाद बारिश और वज्रपात की चेतावनी।**
- **राज्य के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सरकार देगी पेंशन, खेल निदेशालय ने मांगा आवेदन।**

*********************

संसद ने आयकर विधेयक– 2025 और कराधान विधि संशोधन विधेयक– 2025 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने चर्चा के बाद दोनों विधेयकों को लोकसभा को वापस भेज दिया है। राज्यसभा में दोनों विधेयकों पर हुई बहस का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि नए आयकर कानून को करदाताओं के अनुकूल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसे संक्षिप्त, सरल, पठनीय और समझने में आसान बनाया गया है। संसद ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक– 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक– 2025 को भी पारित कर दिया है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार खेल महासंघों के चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए यह विधेयक लेकर आई है।

*********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में ऋण जमा अनुपात में तेजी लाने का निर्देश दिया है। रांची में कल हुई बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री किशोर ने कहा कि जिस गति से बैंक आगे बढ़ रहे हैं, वैसे में राष्ट्रीय अनुपात तक पहुंचने में 15 वर्ष लग जायेंगे। बैठक में मौजूद राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि केसीसी के मामले में बैंकों का रवैया चिंताजनक है।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में जेलों की व्यवस्था में सुधार और मॉडल जेल मैनुअल को लेकर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान राज्य की जेलों में 81 प्रतिशत से अधिक पद खाली रहने को गंभीरता से लिया। खंडपीठ ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि जेलों में रिक्त सभी पदों पर 30 सितंबर तक नियुक्ति प्रक्रिया हर हाल में पूरी कर ली जाये। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने सात अक्तूबर की तिथि निर्धारित की है।

*********************

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी समिति की बैठक में 2024–25 की अन ऑडिटेड बैलेंस शीट को मंजूरी देते हुए ऑडिट के लिए भेजने पर सहमति बनी। अध्यक्ष परेश गट्टानी ने 20 सितंबर को वार्षिक आमसभा और 21 सितंबर को वार्षिक चुनाव की घोषणी की। पवन शर्मा चुनाव संपन्न कराने के लिए चेयरमैन व प्रवीण जैन छाबड़ा को–चेयरमैन बनाए गए हैं।

*********************

पश्चिम सिंहभूम के चाईबासा में मेरा रेशम मेरा अभिमान कार्यक्रम के तहत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय रेशम बोर्ड, केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान और अग्र परियोजना केंद्र, चाईबासा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लगभग 35 किसानों ने भाग लिया, जिसमे महिलाओं की भी भागीदारी रही। किसानों को तसर रेशमकीट पालन की नवीनतम तकनीकों, रोग प्रबंधन उपायों और उत्पादन को अधिक लाभदायक बनाने के तरीकों की जानकारी प्रदान की गई।

*********************

रांची शहर के प्रमुख इलाकों में आज तीन घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत शक्ति केंद्र पॉलिटेक्निक में पावर ट्रांसफॉर्मर, वीसीबी, बसबार सहित अन्य मरम्मत कार्य किए जाएंगे। इसके कारण इस सब स्टेशन से निकलने वाली

11 केवी बसर टोली, मेन रोड, चर्च रोड, सुजाता चौक, पत्थलकुदवा फीडर से सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

*********************

चुनाव आयोग द्वारा बिहार में कराये जा रहे एसआईआर को लेकर झारखंड में भी सियासी बवाल मचा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने एसआईआर और कथित वोट चोरी मामले के खिलाफ रांची में 15 अगस्त के दिन अभियान चलाने की घोषणा की है। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा है कि राहुल गांधी के पास कोई काम नहीं रह गया है, इसलिए वे इस तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं।

*********************

रामगढ़ जिले के स्कूलों में साइबर क्राइम, नशा और ट्रैफिक नियमों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

*********************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब का क्षेत्र बनने का असर झारखंड पर भी पड़ेगा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जून से अब तक राज्य में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गयी है।

*********************

राज्य के पूर्व राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सरकार की ओर से पेंशन दिया जायेगा। इस संबंध में झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय ने योग्य खिलाड़ियों से आवेदन मांगा है। कल तक खिलाड़ी अपने आवेदन निदेशालय को भेज सकते हैं। इसके लिए एक सर्कुलर भी जारी किया गया है।

*********************

**अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने एसआईआर के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के निर्वाचन आयोग के फैसले को सही ठहराने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– नेमरा में उमड़ रहा लोगों का हुजूम, फरियाद भी सुन रहे हैं मुख्यमंत्री।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– डीजीपी विवाद में आईपीएस प्रोन्नति से जुड़ी बैठक टली।

प्रभात खबर के शब्द हैं– धौनी ने 11 साल पहले किया था 100 करोड़ की मानहानि का केस, अब होगा ट्रायल।

दैनिक जागरण लिखता है– एनटीपीसी के मुआवजा शिविर में मचा बवाल, जीएम, डीजीएम, सीओ घायल।

******समाप्त*******